SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES-9(TERM-2)

Grade - 4

Subject: HINDI
Prepared by: Vrushali Kokane

LESSON-9 **क) हम सब सुमन एक उपवन के,**
ख) मेरी अभिलाषा हैं,
व्याकरण- विशेषण

प्रश्न १) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से नोटबुक मे लिखिए।

प्रश्न २) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क) उपवन- बाग, बगीचा

वाक्य- राजू के घर के सामने बड़ा उपवन हैं।

ख) अभिलाषा- कामना, मन की चाह

वाक्य- मेरी अभिलाषा हैं कि तुम एक दिन बड़ी डॉक्टर बनो।

प्रश्न ३) खाली स्थान भरिए।

क. 'उर' की कली किरणें **खिलाती** हैं।

ख. कवि **धरती** के समान सहनशक्ति पाना चाहता है।

ग. कवि के अनुसार ईश्वर हमारा **माली** है।

प्रश्न ४) लघु उत्तरीय प्रश्न:

1. मुसीबतों के समय हमें किस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए?
उत्तर- मुसीबतों के समय हमें घबराना नहीं चाहिए बल्कि आनंदित रहना चाहिए।

2. कविता में किसके समान चमकने और दमकने की बात कही गई है? क्यों?
उत्तर- कविता में सूरज के समान दमकने और चाँद के समान चमकने की बात कही गई है, क्योंकि सूरज और चाँद सफलता और ऊँचाई के प्रतीक हैं।

प्रश्न ५) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

1. उपवन की शोभा कैसे बनती है? पाठ के आधार पर लिखिए।
उत्तर- उपवन की शोभा उसमें मौजूद रंग-बिरंगे विभिन्न प्रकार के फूलों से बनती है।

2. उपवन के फूलों में क्या क्या समानता है? लिखिए।
उत्तर- उपवन के फूलों की एक ही धरती, मिट्टी, धूप, जल, सूरज और चाँद हैं।

व्याकरण

विशेषण - जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।

विशेष्य - विशेषण जिन शब्दों की विशेषता बताते हैं, वे विशेष्य कहलाते हैं।

विशेषण के चार भेद हैं-

१)गुणवाचक विशेषण 2) संख्यावाचक विशेषण

3) परिमाणवाचक विशेषण 4) सार्वनामिक विशेषण

१) गुणवाचक विशेषण- जो विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के गुण, स्वभाव, रंग और आकार आदि के बारे में जानकारी देते हैं, वे गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं। जैसे - सुंदर, बड़ा, छोटा, भूरा, मीठा, बहादुर, मेहनती आदि।

२) संख्यावाचक विशेषण- जो विशेषण शब्द संज्ञा और सर्वनाम की संख्या की जानकारी देते हैं, वे संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं। जैसे- कुछ खिलौने, चार बोतलें, पाँच किताबे, थोडा सा खाना आदि।

३) परिमाणवाचक विशेषण- जो विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम के परिमाण या माप-तौल के बारे में जानकारी देते हैं, वे परिमाणवाचक विशेषण कहलाते हैं। जैसे- सात लीटर, तीन किलो, एक लीटर, आदि।

४) सार्वनामिक विशेषण- जो सर्वनाम शब्द संज्ञा से पहले लगकर उसकी विशेषता के बारे में जानकारी देते हैं, उसे सार्वनामिक या संकेतवाचक विशेषण कहते हैं।

जैसे- यह बालक, ऐसा परिवार, वह किताब आदि।

****